Fax.: (05452) 252244, 252344
Web.: www.vbspu.ac.in

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषक,

सहायक **कुलसचिव,**
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

पत्रांक: पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 2022 / 2490
दिनांक : 16-11-22

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
जनपद–गाजीपुर, जौनपुर, हंडिया।

विषय: स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम वर्ष में सीट वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में डॉ0 राहुल सिंह, महामंत्री, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, जौनपुर के पत्र दिनांक 14.11.2022 द्वारा यह प्रत्यावेदन दिया गया है कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी छात्रहित को ध्यान में रखते हुए स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के अव्यवसायिक पाठ्यक्रमों में सीट वृद्धि की आवश्यकता है।

इस सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 15.11.2022 के अनुपालन में आपको सूचित किया जाता है कि समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्रबन्धक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त कराया जाय कि उनके महाविद्यालय में मानकानुसार आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

भवदीय,

सहायक कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना वि0वि0 द्वारा प्रेषित पत्र के क्रम में समस्त महाविद्यालयों को सूचनार्थ वि0वि0 वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव